**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त

### राज्यपाल श्री बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जयपुर, 3 मार्च। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. (डॉ.) प्रमोद येवले को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने चयन समिति की सिफारिश पर एवं राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है।

श्री बागडे ने कुलपति पद पर यह नियुक्ति प्रो. प्रमोद येवले के कार्यभार संभालने की तिथि से 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

-----